# E-192120–B

## विषय : भूगोल
## Subject : Geography

समय : 3 घण्टे ]
Time : **3 hours** ]

[ पूर्णांक : 75
[ Maximum Marks : 75

*निर्देश* : (अ) (*i*) सभी प्रश्न हल कीजिए।

*Instruction* : (A) Attempt **all** questions.

(*ii*) आवश्यकतानुसार रेखाचित्र बनाइए।
Draw the diagrams / sketches wherever necessary.

(*iii*) प्रश्न क्रमांक 15 से 20 तक के प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
In Question Nos. **15** to **20**, internal options are given.

(*iv*) दृष्टि बाधित छात्र, जिन प्रश्नों में मानचित्र अंकन अथवा रेखाचित्र दिए गए हैं, उनके स्थान पर उनकी प्रसिद्धि / विशेषताओं के 1–1 बिन्दु लिखेंगे।
Visually impaired students will write 1-1 point of speciality of that places in the map-making questions.

(*v*) श्रवण बाधित छात्र दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर, व्याख्या एवं वर्णन के स्थान पर केवल बिन्दुवार लिखेंगे।

Hearing impaired students will write the long answer type questions with points only.

*निर्देश* : (ब) प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। इसमें खण्ड (अ), खण्ड (ब) एवं खण्ड (स) हैं। प्रत्येक खण्ड में पाँच प्रश्न हैं तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1–1 अंक आबंटित है।

***Instruction*** : (B) Question No. **1** is an objective type question. There are three Sections–(A), (B) and (C) in it. Five questions are given in each section and each question carries 1 mark.

**प्रश्न–1** **खण्ड–( अ )** सही विकल्प चुनकर लिखिए : [1 × 5]

**Section-(A)** Choose and write the correct option :

(*i*) भारत का एकमात्र टिन उत्पादक राज्य है :

(*अ*) उड़ीसा

(*ब*) मध्य प्रदेश

(*स*) छत्तीसगढ़

(*द*) झारखण्ड

The only tin-producing state in India is :

(*a*) Orissa

(*b*) Madhya Pradesh

(*c*) Chhattisgarh

(*d*) Jharkhand

(*ii*) *एन्थ्रोपोजियोग्राफी* नामक ग्रंथ के लेखक हैं :

(*अ*) कुमारी ई. सी. सेम्पुल

(*ब*) डिमांजिया

(*स*) फ्रेडरिक रेटजेल

(*द*) कार्ल सावर

The writer of the book named *Anthropogeography* is :

(*a*) Kumari E. C. Sampul

(*b*) Dimenzia

(*c*) Friedrich Ratzel

(*d*) Karl Souwer

(*iii*) भारत में प्रथम रेलगाड़ी कहाँ से कहाँ तक चली ?

(अ) मुम्बई से थाणे

(ब) मुम्बई से पुणे

(स) मुम्बई से नागपुर

(द) मुम्बई से गोवा

Where did the first train in India run?

(*a*) Mumbai to Thane

(*b*) Mumbai to Pune

(*c*) Mumbai to Nagpur

(*d*) Mumbai to Goa

(*iv*) असमाप्य संसाधन का उदाहरण है :

(अ) सौर ऊर्जा

(ब) पेट्रोलियम संसाधन

(स) कोयला संसाधन

(द) लौह संसाधन

An example of inexhaustible resource is :

(*a*) Solar energy

(*b*) Petroleum resources

(*c*) Coal resources

(*d*) Iron resources

(*v*) खनिज आधारित उद्योग है :

(अ) कागज उद्योग

(ब) लौह-इस्पात उद्योग

(स) ऊनी वस्त्र उद्योग

(द) जूता उद्योग

Mineral based industry is :

(*a*) Paper industry

(*b*) Iron-steel industry

(*c*) Woollen garment industry

(*d*) Shoe industry

**प्रश्न-1** **खण्ड-( ब ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :** [1×5=5]

**Section-(B)** Fill in the blanks :

(*i*) 60 वर्ष से अधिक आयु वाली जनसंख्या को —— जनसंख्या कहते हैं।
Population over 60 years of age is called ___population.

(*ii*) भारत में सबसे कम जनसंख्या —— राज्य में निवास करती है।
State in the lowest population in India is ___.

(*iii*) कार्यात्मक आधार पर अलीगढ़ व वाराणसी —— केन्द्र का अच्छा उदाहरण है।
On functional basis, Aligarh as well as Varanasi are good example of ___ center.

(*iv*) लिमोनाइट —— खनिज का एक प्रकार है।
Limonite is a type of ___ mineral.

(*v*) छत्तीसगढ़ का प्रमुख खाद्यान्न फसल —— है।
The main food crop of Chhattisgarh is ___.

**प्रश्न-1** **खण्ड-( स ) उचित संबंध जोड़िए :** [1×5=5]

| | **(I)** | | **(II)** |
|---|---|---|---|
| (*i*) | नदी व सड़क किनारे | ( अ ) | साल-सागौन-शीशम |
| (*ii*) | पश्चिम बंगाल | ( ब ) | 1057 स्त्री प्रति हजार पुरुष |
| (*iii*) | यूरोप महाद्वीप में लिंगानुपात | ( स ) | रेखीय प्रतिरूप बस्ती |
| (*iv*) | मानसूनी प्रदेश | ( द ) | 1084 स्त्री प्रति हजार पुरुष |
| (*v*) | केरल राज्य में लिंगानुपात | ( इ ) | जूट उत्पादन में प्रथम |

**Section-(C)** Match the column :

| | **(I)** | | **(II)** |
|---|---|---|---|
| (*i*) | Near road and river | (*a*) | Sal, Sagaun Shisham |
| (*ii*) | West Bengal | (*b*) | 1057 women per 1000 men |
| (*iii*) | Europe's sex ratio | (*c*) | Linear settlement pattern |
| (*iv*) | Monsoon region | (*d*) | 1084 women per 1000 men |
| (*v*) | Kerala's sex ratio | (*e*) | First in jute production |

*निर्देश* : (स) प्रश्न क्रमांक 2 से 7 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *30* शब्द है)

***Instruction*** : (C) Question Nos. 2 to 7 are very short answer type questions. Each question carries 2 marks. (Maximum word limit of answer is *30* words)

प्रश्न-2 छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले का अभनपुर किस प्रकार की बस्ती का उदाहरण है? [2]
Abhanpur in Raipur district of Chhattisgarh is the example of which type of settlement?

प्रश्न-3 जन्म-दर से क्या आशय है? [2]
What is the meaning of birth-rate?

प्रश्न-4 पूरवा से आप क्या समझते हैं? [2]
What do you mean by hamlet?

प्रश्न-5 महानदी के उद्गम स्थल का नाम बताइए। [2]
Name the origin of the Mahanadi.

प्रश्न-6 तारक प्रतिरूप की बस्ती का रेखाचित्र बनाइए। [2]
Draw the star pattern of settlement.

प्रश्न-7 संग्रहण व्यवसाय से क्या तात्पर्य है? [2]
What is gathering business?

*निर्देश* : (द) प्रश्न क्रमांक 8 से 14 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *50* शब्द है)

***Instruction*** : (D) Question Nos. 8 to 14 are very short answer type questions. Each question carries 3 marks. (Maximum word limit of answer is *50* words)

प्रश्न-8 कुमारी ई.सी. सेम्पुल के अनुसार मानव भूगोल की परिभाषा दीजिए। [3]
According to Kumari E. C. Sampul, give the definition of human geography.

प्रश्न-9 जनसंख्या घनत्व को प्रभावित करने वाले तीन कारकों को बताइए। [3]
Explain the three factors that affect population density.

**प्रश्न-10** उत्तरी अटलांटिक मार्ग का महत्त्व बताइए। [3]

Explain the importance of the North Atlantic route.

**प्रश्न-11** उद्योगो के स्थानीयकरण के तीन कारण लिखिए। [1+1+1=3]

Write three reasons for localization of the industry.


**प्रश्न-12** भिलाई लौह-इस्पात उद्योग का वर्णन कीजिए। [3]

Describe the Bhilai Iron-Steel Industry.

**प्रश्न-13** छत्तीसगढ़ राज्य में जूट उद्योग की स्थिति स्पष्ट कीजिए। [3]

Explain the status of Jute Industry in Chhattisgarh state.

**प्रश्न-14** दिए गए आरेख के आधार पर निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [1+1+1=3]





(अ) सबसे कम लिंगानुपात का देश कौन-सा है ?

(ब) प्रति C.M. लिंगानुपात कितना है ?

(स) अक्ष $x$ में किसे प्रदर्शित किया गया है ?

Answer the following questions based on the given diagram :




**Main Countries**

(*a*) Which is the country of lowest sex ratio?

(*b*) What is sex ratio per C.M.?

(*c*) What is shown by *x*-axis?

*निर्देश* : (इ) प्रश्न क्रमांक 15 से 17 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 75 शब्द है)

***Instruction*** : (E) Question Nos. **15** to **17** are short answer type questions. Each question carries 4 marks. (Maximum word limit of answer is 75 words)

प्रश्न-15 **वन संसाधन** का महत्व बताइए।

**Write the** importance of forest resources. [2+2=4]

*अथवा*

***OR***

चट्टानी तेल का शाब्दिक अर्थ क्या है ? उसकी उपयोगिता तथा प्रमुख दो तेल शोधन शालाओं के उदाहरण दीजिए।

What is the literal meaning of rocky oil? Give its utility and examples of the major two oil refineries.

**प्रश्न-16** भारत में गन्ने की उपज के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए। [1+1+1+1=4]

Describe the necessary geographical conditions for the production of sugarcane in India.

*अथवा*

***OR***

हरित क्रांति को विस्तार से समझाइए।

Explain the Green Revolution in detail.

**प्रश्न-17** स्वेज नहर का व्यापारिक महत्व रेखाचित्र बनाकर समझाइए। [2+2=4]

Draw the diagram of Swez Canal and write its commercial importance.

*अथवा*

***OR***

पनामा नहर का रेखाचित्र बनाकर व्यापारिक महत्व समझाइए।

Draw the diagram of Panama Canal and write its commercial importance.

*निर्देश* : (फ) **प्रश्न क्रमांक 18 से 20 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित हैं। (उत्तर की अधिकतम शब्द-सीमा *150* शब्द है)**

***Instruction*** : (F) Question Nos. **18** to **20** are long answer type questions. Each question carries 5 marks. (Maximum word limit of answer is *150* words)

**प्रश्न-18** भारत के सीमाकार मानचित्र में चिन्हांकित स्थानों के नाम या विशेषताएँ बताइए।

Describe the names or characteristics of the marked places in an outline map of India.

*अथवा*

***OR***

छत्तीसगढ़ के सीमाकार मानचित्र में निम्नांकित को प्रदर्शित कीजिए : [1+1+1+1+1=5]

( *अ*) उर्जा राजधानी

( *ब*) इन्द्रावती नदी

( *स*) छत्तीसगढ़ की राजधानी

( *द*) गुरु घासीदास राष्ट्रीय वन उद्यान

( *इ*) भोरम देव

In outline map of Chhattisgarh, show the following :

(*a*) Energy Capital

(*b*) Indrawati River

(*c*) Capital of Chhattisgarh

(*d*) Guru Ghasidas National Park

(*e*) Bhoram Dev

**प्रश्न–19** पूर्वी अफ्रीका के पशुपालकों को क्या कहते हैं ? उनका जीवन-परिचय निम्नांकित शीर्षकों के आधार पर लिखिए : [1+1+1+1+1=5]

( *अ*) शारीरिक गठन

( *ब*) वस्त्र

( *स*) भोजन

( *द*) व्यवसाय

What is the name of the cattle-keepers of East Africa? Write their life based on the following titles :

(*a*) Physical structure

(*b*) Outfit

(*c*) Food

(*d*) Occupation

*अथवा*

*OR*

जायरे बेसिन के निवासियों को क्या कहते हैं ? उनका जीवन-परिचय निम्नांकित शीर्षकों के आधार पर लिखिए :

(अ) शारीरिक गठन

(ब) वस्त्र

(स) भोजन

(द) व्यवसाय

What is the name of the residents of Zaire Basin? Write their life based on the following titles :

(*a*) Physical structure

(*b*) Outfit

(*c*) Food

(*d*) Occupation

**प्रश्न-20** पशु संसाधन की समस्याओं का वर्णन कीजिए। इसके संरक्षण के उपाय बताइए। [2½+2½=5]

Describe the problems of animal resources and write its method of conservation.

*अथवा*

*OR*

''भारत प्राकृतिक साधनों में नहीं, प्रौद्योगिकी में निर्धन है।'' इस कथन की पुष्टि कीजिए। [5]

"India is not poor in natural resources, but in technology." Substantiate this statement.

..........